
## खबर संक्षेप



### 4 किमी सड़क गड्ढों में तब्दील, हादसे का खतरा

**उमरियापान।** उमरियापान–सिहोरा मार्ग पर पचपेढ़ी से मंगली तक करीब 4 किलोमीटर सड़क पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दोपहिया वाहन चालक अक्सर गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। सड़क जर्जर हो जाने से आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी और मरीज आवागमन करते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण उन्हें समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और छोटे वाहन भी गड्ढों के कारण धीमी गति से चलने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले सड़क की मरम्मत के नाम पर लीपापोती की थी।आधी अधूरी सड़क पर मरम्मत का कार्य कराया था। पकरिया में सिलपरा नदी के पुल के पास तो ज्यादा गढ्ढे हैं। जहा पर सड़क का सुधार नहीं कराया गया। यहाँ पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

### महानदी में नहाने गया किशोर डूबा, तलाश जारी

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुड्डी महानदी पुल के पास संगम घाट पर अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया 15 वर्षीय किशोर गहरे पानी में समा गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और बालक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार बरही थाना अंतर्गत ग्राम सिमरिया सानी निवासी अनुपम गुप्ता 15 वर्ष शुक्रवार शाम करीब 4:00 बजे अपने दोस्तों के साथ महानदी के संगम घाट पर नहाने गया था। नहाने के दौरान अनुपम अचानक गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। साथ आए दोस्तों ने शोर मचाया और तत्काल परिजनों व ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। शुरुआत में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर तलाश शुरू की लेकिन पानी गहरा होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही NDRF की टीम को बुलाया गया। NDRF की टीम रात करीब 11:00 बजे मौके पर पहुँची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के भीतर और बहाव की दिशा में बालक की सघन तलाश शुरू की। थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि बालक के महानदी में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई थी। रात के अंधेरे के बावजूद सर्च लाइट की मदद से तलाशी अभियान जारी रखा गया।

### हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा अब 3 से 6 जुलाई तक

**कटनी।** 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि और यात्रा तिथि में संशोधन किया गया है। कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिक अब 25 जून तक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 3 मई निर्धारित की गई थी। अब यह यात्रा 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह यात्रा 11 मई से 14 मई तक आयोजित की जानी थी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन दमोह से प्रारंभ होकर कटनी, सतना होते हुए हरिद्वार जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले को कुल 262 सीटें आवंटित की गई हैं।

### प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक

# जिले के लिये मील का पत्थर साबित हो रही माइनिंग कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि खनिज आधारित उद्योगों के विकास के नजरिये से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कटनी में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव मील का पत्थर साबित हो रही है। यहाँ की प्रचुर खनिज संपदा को देखते हुए खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार पर और अधिक फोकस होकर काम करने की आवश्यकता है। यह बात प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक में कही।

### विकास के लिये सभी मिल कर समन्वित प्रयास करें

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास एवं निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और प्लानिंग के साथ किए गए प्रयास विकास में महती भूमिका निभाते हैं। इसलिए जिले के समग्र विकास के लिए सभी लोग समन्वित प्रयास करें। शिक्षा, समाज सेवा, उद्योग आदि अनेक क्षेत्रों के लोग इस समिति में सदस्य के तौर पर शामिल है।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने निर्देशित किया कि जब तक ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजना का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक ग्राम पंचायतों को योजना का हस्तांतरण न किया जाए। नल-जल योजनाओं के ठेकेदारों द्वारा खोदी गई सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य पूरा करने के बाद ही ग्राम पंचायतों को योजना हस्तांतरित की जाए।

### खदानों में भरे पानी का पेयजल के लिये हो उपयोग

बैठक में विजयराघवगढ़ विधायक श्री पाठक ने सुझाव दिया कि शहरी क्षेत्र की ऐसी खदानें जहां बारहमाह जल रहता है उन खदानों को बंद नहीं किया जाय, बल्कि गर्मियों के मौसम में खदानों में उपलब्ध जल का उपयोग नगर की जलापूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये किया जा सकता है।

### जल संचय के 9 हजार कार्य

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी से जल संचय के 9 हजार से अधिक कार्य किये जा रहें हैं। जिनमें लगभग 6600 कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि लगभग 2500 कार्य प्रगतिरत है। वहीं अभियान के




अंतर्गत जल स्त्रोतों के निर्माण एवं पुराने जलस्त्रोतों की मरम्मत से संबंधित 3 हजार से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जबकि लगभग 1100 कार्य प्रगतिरत है। इन्हें 30 जून तक पूरा कर लिया जायेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने नगर निगम के ठेकेदारों और माईनिंग व्यवसायियों से नदी सफाई जैसे जलसंरक्षण के पुनीत कार्य हेतु जनसहयोग लेने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने बताया कि कटनी नदी सहित अन्य जल संरचनाओं का सीमांकन कराया जायेगा।

हॉर्टीकल्चर विभाग द्वारा भी पानी चौपाल आयोजित कर किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जन अभियान परिषद द्वारा बोरीबंधान, नदी एवं तालाबों के घाटों की साफ-सफाई, दीवार लेखन आदि कार्य किये जा रहें हैं। साथ ही इन कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को 35 लाख श्रम दिवस का कार्य दिया गया।

### स्कूलों में बढ़ायें नामांकन

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में लगभग 3.5 प्रतिशत बेहतर रहा है। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि जिले में मानकों का पालन न करने वाली निजी स्कूलों पर कार्यवाही करते हुये स्कूलों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। साथ ही शासकीय स्कूलों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिये अभियान चलायें।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत कटनी जिले ने समय से पूर्व ही सौ फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। जिले में चिन्हित 244 ग्रामों में हैंड होल्ड एक्सरे मशीन एवं स्थाई एक्सरे मशीन द्वारा विजयराघवगढ़, कटनी, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा विकासखंडों में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग हेतु आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किये जा रहें हैं। साथ ही जिले में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में भी लगातार कमी आ रही है।

### विभिन्न कार्यों की समीक्षा

प्रभारी मंत्री ने मरीजों एवं आम नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु पार्किंग एवं सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने कार्ययोजना पर अमल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में गेहूँ-चना एवं मसूर उपार्जन, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, कृषि विभाग, सेतु निर्माण, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, एनव्हीडीए, जल संसाधन एवं राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वायकर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उईके सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में विधायक सत्येन्द्र पाठक, प्रणय प्रभात पाण्डेय, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सहित जिला विकास एवं सलाहकार समिति के सदस्यगणों की मौजूदगी रही।

### कटनी में ट्रेनों के स्टापेज के लिये जीएम को सौपा गया ज्ञापन

# यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : पमरे जीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार को कटनी रेलवे स्टेशन और एनकेजे (NKJ) इलाके का सालाना निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने साफ कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जीएम अपनी स्पेशल ट्रेन से कटनी पहुंचे और डीजल शेड, इलेक्ट्रिक लोको शेड के साथ-साथ आरओएच डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने इंजनों के रखरखाव की तकनीक देखी और कर्मचारियों को पूरी सावधानी से काम करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने अमृत



भारत योजना के तहत स्टेशन पर हो रहे आधुनिकीकरण और ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट की प्रगति भी जानी।

निरीक्षण के दौरान जीएम ने सिर्फ स्टेशन ही नहीं, बल्कि रेलवे ट्रैक, पुलों और ओवरहेड बिजली लाइनों (OHE) की भी तकनीकी जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेलवे की साख उसकी तकनीकी मजबूती पर टिकी है, इसलिए मरम्मत और रखरखाव में किसी भी तरह का समझौता न करें।

इस दौरान जेडआरयूसीसी सदस्य केशव मोहनानी ने जीएम से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कटनी के व्यापारिक महत्व का हवाला देते हुए आजमगढ़ एक्सप्रेस, दुरन्तो और गोदान एक्सप्रेस जैसी 5 प्रमुख ट्रेनों के कटनी में स्टॉपेज की मांग की। मोहनानी ने बताया कि इन ट्रेनों के रुकने से न केवल व्यापारियों और यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि रेलवे की कमाई भी बढ़ेगी। मोहनानी ने बताया कि इन ट्रेनों के रुकने से न केवल व्यापारियों और यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि रेलवे की कमाई भी बढ़ेगी। ज्ञापन में जिन प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज की मांग की गई है उनमें एलटीटी-आजमगढ़ एक्सप्रेस (11053/54), एलटीटी-इलाहाबाद एसी दुरन्तो (12293/94), राजेन्द्र नगर-कुर्ला एक्सप्रेस (12141/42), एलटीटी-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस (11055/56), एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस (11059/60) शामिल है।

### मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोजित की हुई बैठक



मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक सुधार एवं सुदृढीकरण के लिए तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन नवीन संयुक्त तहसील कटनी के सभाकक्ष में किया गया। सचिव श्री सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक पूर्णत: औपचारिक हैं, मैं यहां आपसे कोई समीक्षा नहीं कर रहा, बल्कि आपकी बेहतर कार्यक्षमता, प्रशासनिक सुधार आदि के संबंध में आपसे चर्चा करने आया हूँ। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थित सभी विभागों के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा की एवं अधिकारियों–कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों के निर्वहन में आने वाली समस्याओं एवं सकारात्मक सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों को वर्क लाइफ मैनेजमेंट एवं स्ट्रेस रिलीफ वर्क कल्चर की समझाइश देते हुये पदीय दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। सचिव द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव भी मांगे और कहा कि मैं सुझावों और समस्याओं को आयोग के समक्ष रखूंगा।

# पीर बाबा उर्स मेले का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हज़रत इशाह दाता चिश्ती र.अ. का उर्स मुबारक इस बार पूरे नगर में कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश देगा। कटनी के पीर बाबा उर्स मेले में 10 और 11 मई को आयोजित होने वाले कव्वाली कार्यक्रमों में हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सहित सभी समाजों के लोग एक साथ शामिल होकर प्रेम, भाईचारे का संदेश देंगे।

उर्स आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि शहर की साझा संस्कृति और सद्भाव की पहचान है। वर्षों से यह मेला नगरवासियों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करता आया है, जहां धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत और मोहब्बत को महत्व दिया जाता है।

कार्यक्रम के तहत 10 मई की



रात्रि प्रसिद्ध कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे, वहीं 11 मई को भी कव्वाली और महफिल-ए-समां का आयोजन होगा। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और जायरीन के पहुंचने की संभावना है।उर्स समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर भाईचारे, अमन और एकता की परंपरा को मजबूत करें। शहर के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने भी इस आयोजन को कटनी की सांस्कृतिक विरासत बताते हुए स्वागत किया है।कटनी में हर वर्ष आयोजित होने वाला यह उर्स मेला इस बात का प्रतीक बन चुका है कि अलग-अलग धर्मों और समुदायों के लोग जब साथ आते हैं, तो समाज में प्रेम, विश्वास और सौहार्द की नई मिसाल कायम होती है। प्रेसवार्ता में सैयद फहीम अशरफ, पीर बाबा कमेटी अध्यक्ष तनवीर खान(तन्नू ), अज्जू भाई जान, अनवर भाईजान तौफीक भाईजान,सोनू भाईजान, काजी वसीमखान,हैप्पी भाईजान, मोनू भाईजान,हाजी हबीब सहित कमेटी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित हुई संयुक्त बैठक में बनी रूपरेखा

# बदमाशों के ठिकानों की जानकारी एकत्र करें, सक्रिय गिरोहों की कसें नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने रेलवे स्टेशनों, आउटर क्षेत्रों, शैडो एरिया और रेल लाइनों के पास स्थित झुग्गी बस्तियों में सक्रिय गिरोहों पर नकेल कसने के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। किन ट्रेनों में और किस समय वारदातें अधिक हो रही हैं, उनका सटीक डाटा जुटाकर अपराधियों को चिन्हित किया जाएगा। ट्रेनों में सामान



बेचने वाले वेंडरों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच होगी और उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। चोरी के जेवर और सामान खरीदने वाले गिरोहों और ठिकानों की जानकारी जुटाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण कर अपराधियों के मूवमेंट को ट्रैक किया जाएगा।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा का कहना है कि ट्रेनों में अपराध रोकने के लिए सभी पुलिस एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। जिला पुलिस इस कार्य में GRP और RPF को हर संभव तकनीकी और मैदानी सहयोग प्रदान करेगी। एरिया मैनेजर रेल रोहित की उपस्थिति में हुई इस बैठक में तय किया गया कि अपराधों की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की हर महीने समीक्षा की जाएगी। चिन्हित हॉटस्पॉट्स (अपराध वाले स्थानों) पर सघन नाकाबंदी और गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बैठक में जीआरपी एडिशनल एसपी, डीएसपी जीआरपी विजय गठौरिया, थाना प्रभारी जीआरपी, थाना प्रभारी आरपीएफ वीरेंद्र सिंह, कोतवाली टीआई श्रीमती राखी पांडे, कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे, एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत, खिरहनी चौकी प्रभारी किशोर द्विवेदी एवं निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में आपसी समझौतों से हुआ प्रकरणों का निराकरण

# प्री-लिटिगेशन के 2817 प्रकरणों का निराकरण, 15436970 रूपये हुये जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय कटनी एवं तहसील न्यायालयों (विजयराघवगढ़, बरही, ढ़ीमरखेड़ा) एवं अन्य विभागों में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम का शुभारंभ श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, श्री अमित शुक्ला सहित अधिवक्तागण, जिला अभियोजन




अधिकारीगण, लोक अभियोजकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं न्यायालयीन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

श्रीमती मृणालिनी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में राजस्व, नगर-निगम तथा अन्य संस्थाओं के प्री-लिटिगेशन एवं बिजली, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा समेत पक्षकारों के आपसी राजीनामे से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय कटनी में कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के 2914 प्रकरण एवं न्यायालय के 376 लंबित प्रकरणों को रैफर किया गया था, जिनमें से प्री-लिटिगेशन के 2817 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इन प्रकरणों में 1 करोड़ 54 लाख 36 हजार 970 रूपये की राशि जमा की गई। इसी अनुक्रम में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 346 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की ओर से श्रीमती मृणालिनी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण, अन्य विभाग के अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, कटनी जिले के समस्त पक्षकारगण का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजीनामा करने वाले पक्षकारगण को प्रतीक स्वरूप फलदार एवं छायादार पौधे भी प्रदान किये गए।

# नकली उत्पाद बनाने पर पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ पुलिस ने डुप्लीकेट प्रोडक्ट बनाने के मामले में एक प्रतिष्ठान पर कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर निवासी नितिन कुमार परयानी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि विजयराघवगढ़ में शासकीय अस्पताल के सामने स्थित 'अभिनव फूड्स' के संचालक द्वारा अवैध तरीके से कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा बिना किसी कानूनी अनुमति, ट्रेडमार्क या कॉपीराइट के विभिन्न कंपनियों के डुप्लीकेट उत्पादों का निर्माण और पैकेजिंग की जा रही है। पुलिसिया जांच में सामने आया है कि यह अवैध कारोबार पिछले करीब तीन महीनों से सक्रिय था। आरोपित द्वारा ऐसे उत्पादों का निर्माण किया जा रहा था जो बाजार में पहले से स्थापित ब्रांडों से मिलते-जुलते थे, ताकि आम जनता को गुमराह कर मुनाफा कमाया जा सके। नितिन कुमार परयानी की शिकायत और प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार के विरुद्ध धारा 63 कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इन नकली उत्पादों की सप्लाई कहाँ-कहाँ की जा रही थी और इस गिरोह में अन्य कौन से चेहरे शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### रंजन हास्पिटल में फ्री कैम्प का आयोजन आज

**कटनी।** नई बस्ती स्थित रंजन हास्पिटल में एनजीओ के सहयोग से आज 10 मई को फ्री कैम्प का आयोजन होगा। शिविर में बीपी एवं शुगर की जांच निःशुल्क की जाएगी। साथ ही मूत्र एवं पथरी रोग से संबंधी समस्याओं का परामर्श दिया जाएगा। शिविर में यूरोलॉजिस्ट एण्ड एण्ड्रोलॉजिस्ट डा देवाशीष मौजूद रहेंगे। मरीजों की जांच प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे की जाएगी। नागरिकों से फ्री कैम्प में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने अपील की गई है।

### स्लॉट बुकिंग बंद होने से किसान परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के किसान गेहूं उपार्जन करने हेतु स्लांट बुकिंग ना होने से भटकना पड़ रहा है। आगामी फसल हेतु पैसे की बहुत जरूरत होने पर भी समय पर गेहूं उपार्जन नही होने से कुछ किसान कर्ज लेने को मजबूर है तो कुछ किसान कम दाम में गेहूं बेच रहे है । किसान पहले से पंजीयन कराकर बैठे हैं, लेकिन बुकिंग शुरू न होने से केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। जिनकी पहले से बुकिंग थी उनकी तौल चल रही है, जिससे बाकी किसान नाराज़ हैं। तेज हवा, बूंदाबांदी और आंधी-तूफान के कारण खुले में रखा गेहूं खराब होने का डर है। किसानों ने प्रशासन से तुरंत स्लॉट बुकिंग शुरू करने, खरीदी तेज करने और अनाज की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त इंतज़ाम करने को कहा है।

### सड़क पर जानलेवा गड्ढा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**उमरियापान।** उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग पर खिरवा-पोंड़ी मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया है ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बने गड्ढों की जानकारी अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग दिन-रात व्यस्त रहता है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन गुजरते हैं। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। खासकर मोटरसाइकिल चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लगातार उपेक्षा के कारण गड्ढों का आकार भी बढ़ता जा रहा है।

### खाद के लिये किसान पोर्टल से कर सकते हैं बुकिंग

**कटनी।** खरीफ फसलों की बोनी की तैयारियां जोरों पर हैं। किसानों की सुविधा के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के कुशल नेतृत्व में जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। कलेक्टर श्री तिवारी ने खाद वितरण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि जिले में ई-टोकन के माध्यम से ही खाद वितरित किया जाए। उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। जिले में 7 हजार 812 मीट्रिक टन यूरिया, 3 हजार 166 मीट्रिक टन डीएपी, 3 हजार 260 मीट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 11 हजार 71 मीट्रिक टन डीएपी+एनपीके और 9 हजार 601 मीट्रिक टन एसएसपी खाद का स्टॉक उपलब्ध है। जो किसानों की बोनी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार खाद की बुकिंग ई-विकास पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। यह खाद सोसायटियों, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों और निजी दुकानों पर उपलब्ध है। पोर्टल की खास बात यह है कि इसमें हर वर्ग के किसानों का ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, यदि किसान को अतिरिक्त खाद की आवश्यकता होती है, तो वह पुनः पोर्टल पर प्रक्रिया पूरी कर अपनी सुविधानुसार खाद ले सकता है।

---

**प्रभारी मंत्री श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश, कहा समाज की सहभागिता जरूरी**

# भावी पीढ़ी को संकट से बचाना है तो सभी मिलकर पानी की एक एक बूंद को सहेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत मसुरहा घाट में जलकुंभी निकालने के कार्य में श्रमदान कर कटनीवासियों को जल संरचनायें सहेजने का संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत कटनी शहर को स्वच्छता के मामले में अग्रणी बनाने के लिए नागरिकों और समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी और सहयोग की अपील की। प्रभारी मंत्री ने यहां 6 करोड़ की लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान और स्वच्छ सर्वेक्षण जैसे कार्यक्रमों में शासन, प्रशासन के साथ समाज को भी आगे आना होगा। उन्होंने मसुरहा घाट में श्रमदान कार्य में छात्रों , युवाओं एवं शहरवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए जा रहे सहयोग पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की ऐसी ही उत्साहपूर्वक भागीदारी से कटनी शहर स्वच्छता में अग्रणी बनेगा।उन्होने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आयोजित स्वच्छता अभियान को लेकर बच्चों में जागरूकता की प्रशंसा की तथा प्रदेश के सबसे स्वच्छ इंदौर शहर का उदाहरण देते हुए कटनी वासियों से स्वच्छता को जीवन शैली में अपनाने की बात कही।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू हुए "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत जन सहयोग से जल संरक्षण के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कटनी के नदी ओर तालाबों की साफ सफाई करने के लिए अत्याधुनिक ट्रैश क्लीनर मशीन खरीदी जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह हम सबका कर्तव्य है कि मसुरहा घाट में कटनी नदी की धारा अविरल बनी रहे। नदी से क्षेत्र की पहचान होती है, इसे बचाकर आप अपने क्षेत्र की पहचान को समृद्ध करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करना हमारा परम कर्तव्य है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने का संकल्प है। अभियान के तहत निगम प्रशासन द्वारा कुओं की सफाई, नदी सफाई, सोक पिट निर्माण, नदी तालाबों की सफाई की जा रही है। जिसके तहत कटाए घाट में लगभग 480 मीटर नदी की सफाई पूर्ण की जा चुकी है। जो आगे भी अनवरत जारी रहेगी, वही अमृत योजना के तहत सीवरेज और जल प्रदाय के कार्यो को मजबूती प्रदान की जा रही है। महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से उपस्थित नागरिकों से अभियान को जन अभियान का स्वरूप प्रदान करने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू एवं सुदृढ रखने वाले 10 सफाई मित्रों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया जाकर केप, गम बूट एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया।

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, जिला प्रभारी सुजीत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर मौजूद रहीं।

---



## लोक अदालत में 42 प्रकरणों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा की न्यायाधीश श्रीमती पूर्वी तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया।

नेशनल लोक अदालत के दौरान विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। घरेलू हिंसा से संबंधित 11 प्रकरण, परिवाद के 9 प्रकरण तथा आपराधिक मामलों के 22 प्रकरणों सहित कुल 42 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। इससे संबंधित पक्षकारों को त्वरित राहत मिली और न्यायालयीन प्रक्रिया में समय व धन की बचत हुई। इस अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती पूर्वी तिवारी ने उपस्थित पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण जीवन जीने, विवादों से दूर रहने और आपसी समझदारी से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत केवल मामलों के निपटारे का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम के अंत में पक्षकारों को पौधे भेंट किए गए और उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण तथा विवादमुक्त जीवन अपनाने का संदेश भी दिया गया।नेशनल लोक अदालत के इस आयोजन से न्यायालय परिसर में सकारात्मक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने त्वरित एवं सरल न्याय व्यवस्था की सराहना की।

---

**आरआरआर सेंटर, बैकलैन एवं तंग गलियों का हुआ कायाकल्प**

## नगर परिषद कैमोर में स्वच्छता के नवाचार बने जनाकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर परिषद कैमोर द्वारा स्वच्छता एवं नगर सौंदर्यीकरण को लेकर निरंतर नवाचारपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर के मुख्य प्रवेश मार्ग पर नव निर्मित आर.आर.आर. (रेड्यूस, रियूज, रिसायकल) सेंटर विकसित किया गया है, जो वर्तमान में नगरवासियों एवं राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

क्षेत्र के निर्माण एवं विकास की नींव विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से नगर में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं जनहित से जुड़े विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। उनके सतत सहयोग से नगर परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने हेतु अभिनव पहलें की जा रही हैं।



नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर ने कहा कि परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने हेतु लगातार विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। नगर के प्रवेश मार्ग पर निर्मित आर.आर.आर. सेंटर नगर की नई पहचान के रूप में विकसित हो रहा है। वहीं नगर परिषद उपाध्यक्ष संतोष केवट ने बताया कि परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में चरणबद्ध रूप से स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नगर का समग्र वातावरण बेहतर एवं आकर्षक बन रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते के निर्देशन में तैयार किए गए इस आर.आर.आर. सेंटर का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना एवं नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। परिषद द्वारा सेंटर को आकर्षक रंग-रोगन, स्वच्छ परिसर एवं रचनात्मक सज्जा के माध्यम से सुंदर स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे नगर की सकारात्मक छवि उभरकर सामने आ रही है।

इसके साथ ही परिषद द्वारा नगर की बैकलैन एवं सकरी गलियों का भी व्यापक रूपांतरण किया गया है। पूर्व में उपेक्षित एवं अव्यवस्थित रहने वाले इन क्षेत्रों में अब नियमित साफ-सफाई, रंगीन पेंटिंग, दीवार सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से नया स्वरूप दिखाई दे रहा है। इन कार्यों से न केवल स्वच्छता व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि नगर की सुंदरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

नगर परिषद कैमोर के इन प्रयासों की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है तथा लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है।

---

## जलभराव वाले संभावित स्थलों का किया निरीक्षण



आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो तथा नागरिकों को सुगम आवागमन एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध हो सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा शनिवार प्रातः नगर के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 स्थित जागृति कालोनी के विभिन्न स्थलों, एनसीसी कार्यालय के पास, वॉलीबॉल मैदान के सामने की नालियों, रपटा नदी सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया कि जल निकासी मार्गों से अवरोध हटाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। निगमायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या का प्रभावी निराकरण निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा संभावित स्थलों पर नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना अधिक रहती है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त अमले एवं मशीनरी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो।

---

## राहगीरी डे आज : फिटनेस, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छता, स्वस्थ और जागरूक शहर की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रविवार 10 मई 2026 को 'राहगीरी डे' का आयोजन किया जा रहा है। निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे से 8:30 बजे तक माधव नगर स्थित ग्राम पंचायत चौराहा से बाबा माधव शाह हॉस्पिटल रोड तक किया जाएगा।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने किया जाएगा प्रेरित

निगम प्रशासन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 'राहगीरी डे' केवल मनोरंजन या फिटनेस कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक जनजागरूकता अभियान भी होगा। इस आयोजन में हर आयु वर्ग के लोग सहभागिता कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान योग, व्यायाम, पारंपरिक खेलकूद, हार्स राईडिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग, संगीत एवं जुंबा के माध्यम से शारीरिक व्यायाम की गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्वच्छ वातावरण, साफ-सुथरी सड़कें और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

### स्वच्छ वातावरण बनाये

नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, वहीं नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। आयोजन आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को दैनिक जीवन में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व के प्रति प्रेरित करना है। साथ ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सक्रिय जीवनशैली का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाना है।

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नगर निगम की इस अनुकरणीय पहल में परिवार एवं मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें और स्वच्छ एवं स्वस्थ कटनी के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

---

**41 हजार से अधिक किसानों द्वारा की जा चुकी है स्लॉट बुकिंग**

## जिले में अब तक 23477 किसानों से 95 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2026-27 में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये गेहूँ उपार्जन में शुक्रवार 8 मई तक जिले के कुल 23 हजार 477 कृषकों से अब तक 95 हजार 696 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को अब तक उपार्जित गेहूँ के विरूद्ध 63.98 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने सभी किसानों को शीघ्र भुगतान करवाने के निर्देश दिये हैं। जिले में अब तक 41 हजार 57 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए गेहूँ उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 6041 किसानों से 20 हजार 761 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 3336 किसानों से 15 हजार 137 मीट्रिक टन गेहूँ समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया जा चुका है।

इसी प्रकार बहोरीबंद तहसील में अब तक 3045 किसानों से 14 हजार 237 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। जबकि स्लीमनाबाद तहसील में 2250 कृषकों से 10 हजार 492 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया जा चुका है। बड़वारा तहसील में अब तक की स्थिति में 2761 किसानों से 9333 मीट्रिक टन और रीठी तहसील में 2075 किसानों से 8 हजार 672 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

इसके अलावा बरही तहसील में 1980 किसानों से 8 हजार 655 मीट्रिक टन और कटनी नगर व कटनी ग्रामीण तहसील में 1989 किसानों से 8 हजार 409 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।

---

**निगमायुक्त ने बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर दुकानदारों को दी हिदायत**

## पांच दुकानदारों पर स्पॉट कार्यवाही, 1300 रूपये का वसूल किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं बाजार क्षेत्रों में आमजन के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार निरंतर नगर भ्रमण कर व्यवसायियों से संवाद कर व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करने हेतु व्यवसायियों से संवाद कर रही है। निगमायुक्त ने देर शाम शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान निगमायुक्त ने कमानिया गेट गली से सब्जी मंडी मार्ग, टिकियामल चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड होते हुए सुभाष चौक तक के मार्ग का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान बाजार क्षेत्र में स्वच्छता, यातायात सुगमता एवं अतिक्रमण की स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



निगमायुक्त ने व्यापारियों एवं दुकानदारों से संवाद करते हुए दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, दुकान एवं आसपास के क्षेत्र में नियमित सफाई बनाए रखने तथा दुकान सामग्री को निर्धारित सीमा के भीतर रखकर व्यवसाय संचालित करने की समझाइश दी।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर 5 दुकानदारों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्यवाही करते हुए कुल 1300 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान स्वच्छता जागरूकता, यातायात सुगमता एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। निगम ने आमजन एवं व्यापारियों से सहयोग करते हुए "स्वच्छ एवं व्यवस्थित बाजार" निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर प्रयास तेज

स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अब जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देशानुसार शनिवार प्रातः जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत अधिकारियों ने वार्डों में नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, नालों की सफाई, सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल की स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

सहायक कलेक्टर श्लोक वाईकर ने बी. डी. अग्रवाल वार्ड का निरीक्षण कर मुख्य मार्गों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था एवं कचरा संग्रहण वाहनों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी उपस्थित रहे।

---



## जलस्त्रोत की साफ सफाई कर जल संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक बड़वारा, सेक्टर क्र. 04 बसाडी अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मिडरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलस्त्रोत गंगा घाट तलैया मिडरा में साफ सफाई कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस दरमियान ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया, प्रस्फुटन समिति सदस्य, परामर्शदाता धनीराम कुशवाहा एवं प्रियंका रजक, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्रा प्रिया सिंह, नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति से सेक्टर प्रभारी गुलशन सिंह एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मनरेगा के तहत बना एनीकट चेकडैम क्षतिग्रस्त, घटिया निर्माण के आरोप

**ग्रामीणों ने खोला भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा, सचिव और सरपंच पर कार्रवाई की मांग**

**महाराजपुर।** नौगांव जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिकौरा में मनरेगा योजना के तहत बनाया गया एनीकट चेकडैम पहली बाधा भी नहीं झेल पाया और क्षतिग्रस्त हो गया। करीब 4 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस झिन्ना झोला नाला चेकडैम की हालत देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन की खुलेआम बर्बादी की गई है। क्षेत्र के निवासी राजबहादुर सिंह ने प्रशासन को दी शिकायत में बताया कि पंचायत द्वारा कराए गए अधिकांश विकास कार्य गुणवत्ता विहीन हैं। उनका कहना है कि न केवल चेकडैम, बल्कि नाली निर्माण जैसे अन्य कार्यों में भी भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 6 मई को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, जिला पंचायत और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इसके बाद 7 मई को जनपद पंचायत नौगांव में भी शिकायत दर्ज कराई गई। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से मांग की है कि गुणवत्ताहीन कार्य कराने के दोषी सचिव और सरपंच रितु राजा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो शासन की लाखों की राशि व्यर्थ चली जाएगी। अब क्षेत्र की नजरें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि भ्रष्टाचार के इन आरोपों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

**चौपाल में सुनी समस्याएं और किया रात्रि विश्राम, जो विभाग के अधिकारी नहीं थे उन्हे नोटिस देने के निर्देश**

# दूरस्थ आदिवासी अंचल पर बसे ग्राम पाठादो पहुंचे कलेक्टर, लगाई जन चौपाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के दूरस्थ गांवों का चयन इस उद्देश्य से किया गया है कि शासन की योजनाएं वास्तव में धरातल पर किस स्तर तक पहुंच रही हैं और ग्रामीणों को उनका कितना लाभ मिल पा रहा है। प्रशासन गांवों में पहुंचकर सीधे लोगों से संवाद कर वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास कर रहा है, ताकि आवश्यक सुधार कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यालयीन वातावरण में कई बार लोग अपनी समस्याएं खुलकर नहीं रख पाते, जबकि गांवों में आयोजित शिविरों एवं बैठकों में ग्रामीण सहजता से अपनी बात साझा करते हैं। इससे प्रशासन को समस्याओं के निराकरण में सहायता मिलती है और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक तस्वीर सामने आती है, इस आशय के विचार कलेक्टर प्रताप नारायण यादव नें ग्राम पाठादो, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए व्यक्त किये। कलेक्टर श्री यादव ने कहा, जिले में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्राम पाठादो में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा यह समझने का प्रयास किया कि योजनाओं का लाभ लोगों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कई योजनाओं का लाभ संतोषजनक रूप से मिल रहा है, वहीं कुछ योजनाओं में समस्याएं भी सामने आई हैं। विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत कई महिलाओं ने शिकायत की कि दस्तावेज जल जाने, आधार कार्ड लिंक न होने अथवा फिंगरप्रिंट मिलान में समस्या आने के कारण उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रही है या बंद हो गई है। इसके अतिरिक्त नल-जल योजना के अंतर्गत कई परिवारों ने बताया कि वे कनेक्शन लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन पंचायत एवं संबंधित विभाग की उपेक्षा के कारण उन्हें समय पर कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया। बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं में ग्रामीणों ने बताया कि अधिक लोड होने के कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है तथा दूर से तार खींचकर बिजली ले जानी पड़ती है, जिससे पेयजल व्यवस्था एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों में कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मकान में आग लगने के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। इन सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने निर्णय लिया है कि कल ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे और आवश्यक तकनीकी संसाधनों जैसे कंप्यूटर एवं लैपटॉप के साथ मौके पर ही समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य प्रमाण पत्र साथ लेकर शिविर में पहुंचें, ताकि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके और कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### जो कमिया पाई गई है, कल केम्प कर दूर करे

कलेक्टर श्री यादव नें आयोजित इस रात्रि चौपाल में ग्रामवासियों की एक-एक कर बात व समस्या सुन रहे थे। पेंशन और अन्य मूलभूत समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कले यहां 10 बजे से केम्प लगाया जायेगा इसमें पेंशन, नल और बिजली और मूलभूत समस्याओं को निराकृत किया जायें। उन्होने कहा एक सप्ताह बाद वे इसका फालोअप लेगे, कमी मिलने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर श्री यादव नें सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सें त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मौके पर कतिपय विभागों के अधिकारी मौजूद नही रहने पर कलेक्टर नें नाराजगी जतातें हुए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम आयोजित रात्रि चौपाल करीब 11 बजे तक चलने के बाद कलेक्टर नें अधिकारियों-कर्मचारियों, मीडिया और ग्रामवासियों के साथ जमीन पर बैठकर पारंपरिक तरीके से शुद्ध ग्रामीण व्यंजन दाल बाटी, चावल, मठा और पना के साथ भोजन किया।

### कलेक्टर से अपनत्व पाकर भाव-विभोर हुए ग्रामवासी

रात्रि चौपाल में भोजन उपरांत चौपाल में करीब आधा घण्टे सामान्य जन चर्चा होती रही, जिसमें युवा, बुजुर्ग सभी ऐसे बतिया रहे थे जैसे कि कलेक्टर श्री यादव से पुराने परिचित हो। ग्रामवासियों के साथ ही कलेक्टर का भी अंदाज ऐसा था कि वे सब भाव विभोर थे, रात्रि विश्राम के जाते समय ग्रामवासियों नें कहा सुबह भगवान के दर्शन और पूजन में मिलने के बाद सफाई अभियान में चलेगे।

### भजन कीर्तन में शामिल हुए

रात्रि चौपाल मंदिर परिसर में आयोजित थी वहां ग्रामवासी के बीच कलेक्टर श्री यादव नें जमीनी हकीकत जानी वही उनके साथ मंदिर में भगवान के दर्शन कर भजन कीर्तन में भी शामिल हुए। चल रहे भजन कीर्तन में अपनी सहभागिता दी। कलेक्टर श्री यादव प्रातः 4 बजे उठकर स्नान ध्यान के बाद भगवान के श्रृंगार में शामिल होकर पूजन अर्चन किया। इस दौरान ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी, सीएमएचओ डॉ. अठ्या, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. असाटी सहित अन्य जिला और खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें। चौपाल के अंत में सीईओ जनपद पंचायत मनीष बागरी ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा जनपद पंचायत क्षेत्र में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी कार्यवाही तय समय सीमा में सुनिश्चित की जायेगी।

# शव विच्छेदन गृह से फैल रही दुर्गंध, रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 में स्थित पुराने शव विच्छेदन गृह चीलघर से फैल रही दुर्गंध के कारण स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को जंगल में मिली एक लाश के पोस्टमार्टम के बाद से क्षेत्र में लगातार बदबू फैल रही है, जिससे आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। रहवासियों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में रात के समय घरों के बाहर सोना तो दूर, घरों के भीतर भी बदबू के कारण रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जहां पुराना विच्छेदन गृह बना हुआ है, वह क्षेत्र अब पूरी तरह से रहवासी क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका है। इसी समस्या को देखते हुए नगर के वार्ड क्रमांक 9 में नया शव विच्छेदन गृह बनाया गया था, लेकिन निर्माण के समय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी ने यह ध्यान नहीं दिया कि उसके ठीक समीप छोटे-छोटे बच्चों का आदिवासी छात्रावास संचालित है। छात्रावास में रहने वाले बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए छात्रावास अधीक्षक एवं कर्मचारियों ने तत्कालीन एसडीएम को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निरीक्षण के दौरान भी छात्रावास के बच्चों एवं अभिभावकों ने उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। उस समय कलेक्टर ने भी स्वीकार किया था कि विच्छेदन गृह का निर्माण उस स्थान पर गलत हुआ है। हालांकि इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है।

स्थानीय नागरिकों एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार विरोध किए जाने के कारण नया विच्छेदन गृह भी शुरू नहीं हो सका। परिणामस्वरूप वर्तमान में पुराने शव विच्छेदन गृह का उपयोग जारी है, जिससे वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के रहवासी गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि शवों से उठने वाली दुर्गंध के कारण बच्चे और महिलाएं भयभीत हैं तथा रास्ते से निकलने में भी असहज महसूस कर रहे हैं। स्थानीय नागरिक विनय साहू, जमुना प्रसाद चौकसे, परशराम साहू, कल्लू पाठकार सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रहवासी क्षेत्र से शव विच्छेदन गृह को तत्काल हटाया जाए तथा किसी उपयुक्त स्थान पर नई व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और वे चैन की नींद सो सकें।

**500 से अधिक शिविरार्थियों ने लिया भाग, 22 कक्षाएं आगे भी रहेंगी संचालित....**

# श्रमण संस्कृति शिक्षण शिविर का समापन, परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज एवं तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण श्री 108 सुधासागर महाराज जी के मंगल आशीर्वाद से श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर तथा श्री दिगंबर जैन पंचायत एवं स्थानीय केंद्रों के तत्वावधान में आयोजित "श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर" का भव्य समापन समारोह नन्हे मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन एवं स्वागत वंदन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन समाज की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा किया गया। अध्यक्षीय स्वागत भाषण श्री अरविंद इटोरया ने दिया। इस अवसर पर पुण्यार्जक डॉ. चेतन जैन, देवेंद्र भारती जैन, संयोजक शैलेन्द्र सिंघई, आशीष उस्ताज, सोनू सिंघई, प्रमोद बड़कुल, अध्यक्ष मनोज जी सहित अनेक गणमान्यजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर निदेशक प्रतिष्ठाचार्य डॉ. प्रदीप जैन 'आचार्य' ने शिविर की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शिविर का समापन केवल एक पड़ाव है, संस्कारों की यह यात्रा निरंतर चलती रहेगी तथा विभिन्न कक्षाएं आगे भी संचालित होती रहेंगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाहुबली जैन के संयोजकत्व में आगामी समय में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। संगीत व्यवस्था एवं सांस्कृतिक संचालन में संगीतकार पीयूष जैन का विशेष योगदान रहा। प्रतिष्ठाचार्य डॉ. प्रदीप जैन के अनुसार शिविर तीन केंद्रों पर आयोजित किया गया, जिसमें 500 से अधिक शिविरार्थियों ने सहभागिता की। शिविर में 22 नियमित कक्षाएं संचालित हुईं, जिनमें संस्कार, स्वाध्याय, पूजा, संगीत, व्यक्तित्व विकास एवं जैन संस्कृति से संबंधित विविध विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शताधिक शिविरार्थियों ने खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं तथा विभिन्न टूर्नामेंट में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में महाराज श्री एवं विद्वानों द्वारा धार्मिक, दार्शनिक एवं साहित्यिक ग्रंथों का अध्ययन कराया गया। इसके अतिरिक्त नृत्य, गीत, कैलीग्राफी, अभिनय, क्राफ्ट, पेंटिंग, सिलाई, भरतनाट्यम, स्केचिंग आदि कलाओं का प्रशिक्षण भी दिया गया। ब्र. स्वतंत्र, ब्र. रोहित, अंकित, बाहुबली, मयूरी, वर्षा, प्रियंका, दीप्ति, सेजल, रिमझिम, ऋषि, अनमोल, महिमा, मानसी, प्रीति एवं दीप दीक्षा सहित अनेक शिक्षकों ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समारोह में पुरस्कृत किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्तुति, गीत, भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। अभिनय एवं नृत्य की प्रेरणादायी प्रस्तुतियों ने मनोरंजन के साथ जीवन मूल्यों का संदेश दिया। "श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर हमें सबसे प्यारा है" जैसे गीतों की संगीतमय प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। बालिकाओं ने स्वयं अभ्यास कर दिव्य घोष की मधुर ध्वनियों से शिविर का शुभारंभ किया तथा शिविर में सीखे गए विभिन्न वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। समारोह में चौधरी मंदिर, सिंघई मंदिर, नन्हे मंदिर, कांच मंदिर एवं बड़ा मंदिर केंद्रों के प्रतिभागियों को परीक्षा परिणाम के आधार पर पुरस्कृत किया गया। विशेष शिक्षक सम्मान, विशिष्ट सहयोगी सम्मान एवं संस्कार गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का भी सम्मान हुआ। मूल्यांकन अधिकारी अमित जैन ने बताया कि प्रतिभागियों का मूल्यांकन 60-20-20 प्रणाली से किया गया, जिसमें परीक्षा, अनुशासन एवं पारिवारिक सहभागिता के अंक सम्मिलित थे।

समारोह में सांगानेर से पधारे 7 विद्वान शिक्षकों, 12 स्थानीय शिक्षकों, 16 प्रभारियों एवं 2 टूर्नामेंट कोच का सम्मान किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह के दौरान सभी वरिष्ठजनों ने अग्नि के समक्ष स्वाध्याय, संस्कार एवं शिविर गतिविधियों को निरंतर चलाने की प्रतिज्ञा ली। समारोह के अंत में महाराज श्री के प्रेरणादायी प्रवचन हुए, जिनमें उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को संस्कृति, संस्कार एवं स्वाध्याय से जुड़े रहने का संदेश दिया।

# लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण



**हटा।** माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शनिवार को हटा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सिराज अली प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा 01 आपराधिक अपील, 01 हिंदू विवाह अधिनियम, 01 सिविल प्रकरण एवं 18 विद्युत अधिनियम के प्रकरण सहित 51 एमपीईबी के प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय में एक मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण का निराकरण कर कुल 1 लाख 50 हजार रूपये का अवार्ड पारित किये गये। न्यायालय श्रीमति निधि जैन द्वारा 07 आपराधिक एवं 01 चैक बाउंस के प्रकरण का निराकरण किया गया। न्यायालय साजिद मोहम्मद के द्वारा 05 आपराधिक एवं 01 चैक बाउंस के प्रकरण सहित नगर पालिका के 03 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं न्यायालय बलराम मीणा द्वारा 02 आपराधिक 02 सिविल एवं 01 अन्य प्रकरण का निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 41 प्रकरणों का तथा प्रीलिटिगेशन के 54 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में शनिवार को न्यायालय सिराज अली के न्यायालय में लंबित हिंदू विवाह अधिनियम के प्रकरण में दंपती विजय लाल साहू एवं श्रीमति ज्योति करीब 01 वर्ष से अलग-अलग निवास कर रहे थे किंतु न्यायाधीश सिराज अली, प्रथम जिला न्यायाधीश एवं उनके अधिवक्तागण पी.एल. तंतुवाय के प्रयासों से एवं समझाईश से लोक अदालत में दंपत्ति आपसी सहमति से एक साथ रहने हेतु सहमत हो गये उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित न्यायाधीश श्री सिराज अली, प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा एक पौधा भेंट किया गया। न्यायालय साजिद मोहम्मद के न्यायालय में लंबित अपराधिक प्रकरण में फरियादी सोनाबाई एवं आरोपीगण मदन सींग एवं गेंदा बाई का जमीन के विवाद के चलते 2023 में विवाद हो गया था पक्षकारों का आपस में ससुर एवं बहू का रिश्ता है। जो ग्राम मानपुरा के निवासी है लोक अदालत में शनिवार को न्यायाधीश साजिद मोहम्मद एवं उनके अधिवक्ता दीनदयाल चनपुरिया द्वारा दोनों पक्षकारो को समझाया और दोनों पक्षों का आपसी सहमति से राजीनामा हुआ। उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित न्यायाधीश साजिद मोहम्मद द्वारा एक पौधा भेंट किया गया।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में तेजगढ़ में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन नियमित रूप से वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शिविर जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग दमोह के जिला खेल अधिकारी सेफुल्ला खान के दिशा-निर्देशन में संचालित हो रहा है। ब्लॉक समन्वयक शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 31 मई तक संचालित होगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में खिलाड़ी पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का विधिवत उद्घाटन अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संभागीय विभागीय वॉलीबॉल टीम में चयनित खिलाड़ियों शोएब पठान एवं सुशील यादव का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी महेन्द्र दीक्षित ने कहा कि "खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की प्रेरणा देते हैं, ऐसे शिविर बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" वहीं हरीसिंह यादव BDC ने अपने उद्बोधन में कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की है।" मनोहर सिंह लोधी ने कहा कि "खेलों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं।" शिविर में अनुभवी कोच खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ फिटनेस, अनुशासन और टीम समन्वय का महत्व भी समझा रहे हैं। वॉलीबॉल कोच पठान ने बताया कि खिलाड़ियों को सर्विस, पासिंग, सेटिंग और स्मैश की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही कोर्ट पोजिशन, तालमेल एवं रिफ्लेक्स बेहतर करने के लिए विशेष अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।

वॉलीबॉल खिलाड़ी यश नामदेव ने बताया कि वे अपने खेल को बेहतर बनाने और प्रोफेशनल स्तर तक पहुंचने के उद्देश्य से शिविर में शामिल हुए हैं।

# कलेक्टर ने लिया गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा



**तेंदूखेड़ा।** आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र में शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे जिला कलेक्टर श्री प्रताप नारायण सिंह यादव पहुंचे, जहां उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने गौवंश के रख-रखाव, चारा-पानी, साफ-सफाई एवं अन्य सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित संचालकों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौसेवा एक पुण्य कार्य है और इस प्रकार की व्यवस्थाएं समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। गौशाला प्रबंधन द्वारा कलेक्टर को पशु सेवा केंद्र में संचालित गतिविधियों एवं गौवंश की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन महामंत्री अमरचंद जैन कोषाध्यक्ष कुलदीप मोदी उपाध्यक्ष विवेक जैन संदीप मोदी राजकुमार जैन विकास पांडे के साथ गौशाला की समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं की होगी विशेषज्ञ जॉच

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के अठया ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने हेतु आज पी एमएसएमए क्लीनिक आयोजित किए जाएंगे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 09 तारीख दिन शनिवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये है।सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमोह में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच, परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवाए प्रदान की जाएगी। जबकि जिला चिकित्सालय में 11 तारीख दिन सोमवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

# गायत्री परिवार ने मनाया शाखा का वार्षिकोत्सव




**हटा ।** समीपस्थ ग्राम देवरा जामशा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ शनिवार को पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कर मनाया। प्रातःकाल से ही यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में याजकों ने विश्व शांति , परिवार की सुख समृद्धि एवं समाज में सद्भावना की कामना से यज्ञनारायण भगवान को आहुतियां समर्पित की। महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। यज्ञाचार्य जगदीश पटेल एवं हरिनारायण चौकरया ने वैदिक विधि विधान के साथ हवन पूजन सम्पन्न करवाया। वार्षिकोत्सव के मुख्य संदेशवाहक पं. दिनेश दुबे ने बताया यह आयोजन शाखा के सुदृढ़ीकरण, कार्यकर्ताओं के पारस्परिक प्रेम भाव को बढ़ाने एवं आत्ममंथन का कार्यक्रम है। हम स्वयं का सुधार करके ही समाज की सेवा कर सकते हैं। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है जब तक हम स्वयं नहीं सुधरेंगे तब तक दूसरों से सुधरने की अपेक्षा हम नहीं कर सकते। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वरिष्ठ परिजन बहादुर पटेल ने सक्रिय कार्यकर्ता लीलाधर पटेल, दुर्गा प्रसाद, रामप्रसाद, रामभजन, लक्ष्मण प्रसाद, बालचंद अरविन्द, बृजेश, दीनदयाल एवं प्रकाश पटेल का रोरू व पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। नेताराम पटेल ने एक दर्जन गांवों से पधारे श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार प्रकट किया। कन्या भोजन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### इमलिया चौकी के महुआखेड़ा गांव की घटना

# तीन साल के मासूम की हत्या, घर से 50 मीटर दूर मिला शव, गांव में सनसनी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़/तेंदूखेड़ा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी अंतर्गत ग्राम महुआखेड़ा में 3 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। इसके बाद शव घर से करीब 50 मीटर दूर गोबर भूसे के ढेर में फेंक दिया गया। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है प्रारंभिक तौर पर मामले हत्या की आंशका जताई जा रही है मामला तेजगढ़ क्षेत्र के महुआखेड़ा गांव का है मृतक की पहचान 3 साल के अनिरुद्ध के रूप में हुई है। वह शुक्रवार दोपहर घर के आंगन में खेलते समय अचानक लापता हो गया था काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो परिजन ने अपहरण की आशंका जताई सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव और आसपास के इलाकों में सर्चिंग शुरू कर दी थी। ग्रामीणों की सूचना पर 70 फीट गहरे कुएं का पानी भी खाली कराकर तलाशी ली गई लेकिन शव कुएं में नहीं मिलना

## एक दिन बाद मिला शव, एसपी मौके पर पहुंचे

शनिवार दोपहर अनिरुद्ध का शव घर के पास गोबर व भूसे के ढेर में मिला है सूचना मिलने पर एसपी आनंद कलादगी एडीशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया मौके पर पहुंचे शुरुआती जांच में मामला हत्या का माना जा रहा है पुलिस ने गांव के ही एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सागर से एफएसएल टीम बुलाई गई है घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए पुलिस ने तुरंत शव नहीं हटाया, ताकि जरूरी साक्ष्य जुटाए जा सकें।

## अपहरण को लेकर चिंतित थे परिजन

बच्चे के पिता माखन सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजे अनिरुद्ध घर के आंगन में खेल रहा था इसी दौरान कोई अनजान व्यक्ति उसे उठाकर ले गया। काफी देर तक बच्चा दिखाई नहीं दिया तो परिवार और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद परिवार ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बच्चे को शीघ्र तलाश करनी की मांग की थी मामले को गंभीरता से देखते हुए देर-शाम दमोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया डीएसपी डीएस ठाकुर तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद ठाकुर इमलिया चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा सहित जबेरा तारादेही नोहटा तेंदूखेड़ा पांच थाना प्रभारियों सहित पुलिस टीम सहित महुआखेड़ा गांव पहुंचे थे और परिजनों से घटना की जानकारी ली और रातभर बच्चे की तलाश में जुटी रही और शनिवार दोपहर में मासूम का शव घर से 50 मीटर दूर मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द पुलिस आगे जांच शुरू कर दी गई है।

दमोह एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि शुक्रवार शाम इमलिया चौकी पुलिस को साढ़े तीन साल के बच्चे के अपहरण की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत मामला दर्ज किया गया रात में पुलिस बल और तेंदूखेड़ा एसडीओपी के साथ कुएं और आसपास के इलाकों में सर्चिंग की गई थी उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह डॉग स्क्वॉड और एसडीआरएफ टीम भी मौके पर पहुंची। इसी दौरान घर के पास बच्चे का शव बरामद हुआ। सागर से एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया गया है, जो मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच करेंगे और जल्द ही इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

# बफर जोर प्रबंधन ने मनकपुरा के जंगल मे 50 हेक्टेयर से हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ियादो वनपरिक्षेत्र बफरजोन के जंगल मे वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण पर वन विभाग की टीम ने कार्यवाही की है। क्षेत्र संचालक ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव और उपसंचालक वीरेंद्र पटेल के निर्देश पर अधीक्षक केन घड़ियाल खजुराहो कृष्णा मरावी और वनपरिक्षेत्र अधिकारी मडियादो बफ़र जेपी मिश्रा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मनकपुरा वीट के कक्ष क्रमांक 01 आरएफ 31 में करीब 50 हेक्टेयर वनभूमि से अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। उक्त वनभूमि पर ग्रामीणों द्वारा अवैध निर्माण और कृषि कार्य किया जा रहा था। कुछ ग्रामीणों ने स्वयं ही अपने मकानों से सामग्री हटाई। वनभूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद मौके पर ही कंटूर टेंच खोदकर वनभूमि को विभाग ने अपने कब्जे में लिया। करोड़ो रूपये कीमत वाली बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। शनिवार सुबह से कार्यवाही में मडियादो बफ़र स्टाफ, किशनगढ वनपरिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक अग्रवाल, किशनगढ कोर महेश प्रसाद अहिरवार, वनपरिक्षेत्र अधिकारी केन घड़ियाल बीनू सिंह बघेल, हिनोता, मडला बाजना वनपरिक्षेत्र स्टाफ, अधिकारी, राजस्व अमला और मड़ियादो और रजपुरा पुलिस थानों के बल मौजूद रहा।

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान के प्रथम दिवस कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 के अंतर्गत दमोह जिला का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं समसामयिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत में सभी प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण हुआ। पंजीकरण के पश्चात अतिथियों जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह, हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रारम्भ से वर्तमान का सफर, केंद्रीय एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। इसके पश्चात एकत्रीकरण, वर्ग गीत एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ "वंदे मातरम्" का गायन हुआ। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष द्वारा प्रस्तावना रखी गई। प्रथम सत्र में "हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान" विषय पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठाओं पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र के वक्ता संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी रहे। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष आलोक गोस्वामी ने की। द्वितीय सत्र में "भाजपा का इतिहास एवं विकास" विषय पर वक्ता पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने संगठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके विस्तार की जानकारी दी। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री गंगाराम अहिरवार ने की। तृतीय सत्र में "कार्य पद्धति" विषय पर सदानंद गौतम ने संगठन के कार्य करने के तरीकों और संरचना को समझाया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्यारेलाल भारती ने की। भोजन उपरांत चतुर्थ सत्र आयोजित हुआ, जिसमें "भाजपा सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका" विषय पर दमोह संसदीय क्षेत्र से सांसद राहुल सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। एवं सत्र की अध्यक्षता डॉ केदार नाथ शर्मा ने की। इसके बाद पंचम सत्र में "स्थायी कार्यक्रम – बूथ प्रबंधन एवं मन की बात" विषय पर जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अभिषेक भार्गव ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। एवं सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास ने की।

षष्ठ सत्र में "सोशल मीडिया, नई तकनीक (AI) एवं संगठन के लिए सकारात्मक परिवेश निर्माण" विषय पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजोरिया एवं संभागीय सोशल मीडिया प्रभारी अंशुल परिहार ने आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनीता सिंह ने की।

प्रदीप राजौरिया ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं को मीडिया के साथ सकारात्मक और तथ्यपूर्ण संवाद बनाए रखना चाहिए। समाचारों में सटीकता, संतुलन और विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। यदि हम राजनीति कर रहे हैं तो पत्रकारों और संवाददाताओं को सम्मान दें और उनसे मधुर संबंध बनाए रखें।अंशुल परिहार ने कहा कि सोशल मीडिया आज संगठन की सबसे प्रभावी ताकत बन चुका है, इसका सकारात्मक और जिम्मेदार उपयोग आवश्यक है। कार्यकर्ता डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं।सप्तम व्यावहारिक सत्र में श्रीमती नंदिता पाठक द्वारा प्रशिक्षण को व्यवहारिक रूप देने पर जोर दिया गया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन ने की।अष्टम सत्र में विचार परिवार विषय पर वक्ता अनुराग प्यासी ने संबोधित किया।सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीमती सोना बाई ने की। प्रशिक्षण वर्ग में जिला पदाधिकारी गण, मंडलों के अध्यक्ष गण, महामंत्री गण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष गण, जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति रही।

पूरे दिन चले इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मजबूती, विचारधारा की स्पष्टता एवं कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। जिला टोली द्वारा प्रशिक्षण वर्ग परिसर का पूर्व में निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर बसों पर कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आनंद कलादगी, पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन में एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यात्री बसों की चैकिंग की गई। दिनांक 08.05.2026 को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को द्वारा थाना यातायात स्टाफ के साथ शहर के किल्लाई नाका चौराहा पर यात्री बसों के दस्तावेजों की सघन चैकिंग की गई एवं बस चालकों की ब्रैथ एनालाईजर के माध्यम से ड्रिंक एण्ड ड्राईव करने वाले बस चालकों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 06 बसों को जप्त किया गया, जिनमें से 04 बसों के चालक ड्रिंक एण्ड ड्राईव करते हुये पाये गये एवं 02 बसों के वैध दस्तावेज न होने पर जप्त किया गया। ड्रिंक एण्ड ड्राईव करने वाले बस चालकों का प्रकरण तैयार कर निराकरण हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही ड्रिंक एण्ड ड्राईव बस चालकों का लायसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रतिवेदन भेजा जावेगा। वाहन चैकिंग के दौरान मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 07 बस चालकों से 34,000 रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

# नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने संभाला पदभार



**दमोह।** 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद कलादगी ने शनिवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला। इसके पूर्व श्री कलादगी ने श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर पहुंचकर भोले बाबा का जल अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। एसपी श्री कलादगी ने मंदिर संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी, पंडित रामकृपाल पाठक, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय और चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। कार्यभार संभालने के पश्चात वह इमलिया चौकी अंतर्गत हुई मासूम की हत्या के मामले में मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे।

# सुलह व समझौते से हुआ आपसी विवादों का अंत

## न्यायालय में लंबित 268 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी द्वारा ए.डी.आर. भवन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर, विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीश नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, उप प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय शमीम कुरैशी, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ विश्वानाथ बिल्थरे सहित न्यायालयीन व विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी ने संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष की इस द्वितीय लोक अदालत के सफल बनाये जाने हेतु लंबित प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देष दिये गये थे, जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की जाकर अनेक प्रकरणों में सहमति बनाने का प्रयास किया गया जिसमें अधिवक्ताओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है। आशा है कि यह लोक अदालत सभी के सहयोग से सफल होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह से मिली सूचना से ज्ञात हुआ है कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 07 प्रकरणों में राषि 49,25,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 46, वैवाहिक के 14, चैक अनादरण के 19 एवं दांडिक के 78 प्रकरणों सहित कुल 268 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर कुल 2,50,53,417/- रूपये के अवार्ड पारित किये गये। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के कुल 266 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 65,00,517/- रूपये की वसूली की गई।

## लाड़ली बहना योजना के पैसों के विवाद पर पृथक रह रहे दंपत्ति हुये एक

प्रधान न्यायाधीष, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित भरण पोषण के प्रकरण में पत्नि को शासन द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना से मिलने वाले पैसों की मांग पति के द्वारा किये जाने पर पत्नि द्वारा राषि देने से मना करने पर विवाद होने के कारण पत्नि अपने 2 बच्चों के साथ माह अक्टूबर 2024 से अपने मायके में निवास कर रही थी और पत्नि के द्वारा 2025 में कुटुम्ब न्यायालय में भरण पोषण के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदिका के अनुसार उनका विवाह वर्ष 2016 में हुआ था। पति के द्वारा लाड़ली बहना योजना से मिलने वाले पैसों की मांग किये जाने पर आये दिन विवाद होता था तथा एक दिन विवाद होने पर पति के द्वारा मारपीट किये जाने पर पत्नि द्वारा पति के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी एवं उसने स्वयं एवं दोनों बच्चों के लिये भरण पोषण हेतु कुटुम्ब न्यायालय में भी आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले में आवेदिका एवं उसके बच्चों के भविष्य को देखते हुये प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखा जाकर दोनों पक्षकारों को आहूत कर उनसे चर्चा की गयी और प्रधान न्यायाधीष मोहम्मद अजहर, सुलहकर्ता सदस्य एवं अधिवक्ताओं के द्वारा समझाईष दिये जाने पर पति-पत्नि ने एक दूसरे को माला पहनाकर राजीनामा के आधार पर प्रकरण समाप्त किया तथा भविष्य में विवाद ना किये जाने का प्रण लेकर खुषी-खुषी विदा हुये। उन्हें स्मृति के रूप में फलदार पौधे वितरित किये जाकर पौधों की देखभाल नन्हें बच्चो की तरह किये जाने की सलाह दी गयी। इस प्रकार कुटुम्ब न्यायालय में लंबित 12 प्रकरणों में दंपत्तियों के द्वारा राजीनामा के आधार पर आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने का प्रण लिया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी, प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर, जिला न्यायाधीष पंकज वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती प्रसाद श्रीवास्तव, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कमलेष भारद्वाज, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीष चौरसिया, चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच, आवेदिका के अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह राजपूत व अनावेदक के अधिवक्ता सुश्री द्रोपती ठाकुर सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# चार पेटी अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

## भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से अवैध शराब जप्त



**जबेरा।** जबेरा नगर से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर थाना जबेरा क्षेत्र अंतर्गत गहरा त्रिगड्डा पर शुक्रवार रात्रि करीब 9:30 बजे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से अवैध शराब परिवहन करते हुए एक बोलेरो वाहन पकड़वाया। कार्रवाई के दौरान वाहन से चार पेटी अवैध शराब जब्त की गई। जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जबेरा क्षेत्र में कलारी ठेकेदारों द्वारा लगातार गांव-गांव अवैध शराब पहुंचाई जा रही है। संगठन का कहना है कि शराब बेचने वालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल खराब हो रहा है। संगठन ने चिंता जताई कि छोटे बच्चे भी शराब की चपेट में आ रहे हैं तथा महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने बताया कि 11 मई 2026 को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक विशाल ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में अवैध शराब कारोबार, आबकारी अधिकारियों एवं ठेकेदारों की कथित मिलीभगत से गांवों में अवैध अवैध शराब सप्लाई की जा रही है जिसमें शासकीय गाइड लाइन का पालन नहीं हो रहा है। उसके खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं समस्त जन प्रतिनिधियों तथा ग्राम के जागरूक नागरिकों की उपस्थिति में शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।